सुविचार

*जीवन में प्रयास सदैव कीजिए, लक्ष्य मिले या अनुभव दोनों ही अमूल्य हैं।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-37 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## शासकीय सेवक द्वारा अवैध रूप से कोई जायदाद खरीदना या बोली लगाना कब दण्डनीय अपराध है जानिए/legal advice....

शासकीय सेवक बिना सरकार की अनुमति के न तो किसी संपत्ति को खरीद सकता है न ही कोई किसी संपत्ति की नीलामी में बोली लगा सकता है इसके लिए उसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियमों का पालन करना अति-आवश्यक होता है 7 अगर कोई शासकीय सेवक बिना अनुमति के कोई संपत्ति खरीदता है या किसी नीलामी की संपत्ति में भाग लेता है तब उसके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए.



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 169 की परिभाषा ?

कोई भी व्यक्ति शासकीय सेवक होते हुए किसी जायदाद को अवैध तरीके से नहीं खरीद सकता है न ही किसी संपत्ति को अवैध तरीके से आपने नाम या अन्य किसी के नाम संयुक्त रूप से खरीद सकता है या न ही किसी भी प्रकार की बोली लगा सकता है न लगवा सकता है, अगर वह येसा करता है तो वह शासकीय सेवक उक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा

### भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 168 के अंतर्गत दंड का प्रावधान ?

यह अपराध असंज्ञेय एवं ज़मानतीय होते हैं इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है, सजा इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# मप्र में चुनाव प्रचार में भाजपा ले रही लाड़ली बहना योजना का सहारा

**विदिशा।** मध्य प्रदेश सरकार की ओर से चार माह पूर्व शुरू की गई लाड़ली बहना योजना अब चुनाव प्रचार में भी भाजपा का चुनावी गहना बन रही है। भाजपा प्रत्याशी अपने प्रचार के लिए आमसभा के साथ लाड़ली बहना सम्मेलन भी कराने लगे हैं। यह ट्रेंड चुनाव में पहली बार देखा जा रहा है। प्रत्याशियों का मानना है कि योजना महिलाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय हुई है, इसमें क्षेत्र की अधिकतर महिलाएं लाभ भी प्राप्त कर रही हैं। इसका उन्हें चुनाव में फायदा मिलेगा। लाड़ली बहना सम्मेलन की शुरुआत दतिया से हुई।




### इसलिए प्रचार के केंद्र में है लाड़ली बहना

राजनीतिक विश्लेषक विनोद के शाह कहते हैं कि प्रदेश के कुल मतदाताओं में महिला मतदाता 48 प्रतिशत है। इस बार चुनाव में दो करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 महिला मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगी। उधर, लाड़ली बहना योजना में लाभान्वित महिलाओं की संख्या एक करोड़ 31 लाख है। यही आंकड़े इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों को महिलाओं को साधने के लिए मजबूर कर रहे हैं। प्रदेश में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत भी बढ़ रहा है। पिछले चुनाव में 75 फीसद पुरुषों ने और 74 फीसद महिलाओं ने मतदान किया था।

## प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा सम्मेलन का खर्च

प्रदेश में आचार संहिता लगने से पहले राज्य सरकार ने 50 से अधिक स्थानों पर लाड़ली बहना सम्मेलन आयोजित किए, लेकिन तब सम्मेलन का पूरा खर्च सरकार और जिला प्रशासन ने उठाया था। अब यह खर्च संबंधित पार्टी और प्रत्याशी को उठाना होगा। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि लाड़ली बहना सम्मेलन हो या आमसभा, आयोजन जिस भी क्षेत्र में होगा, उसका खर्च क्षेत्र के प्रत्याशी के खाते में ही जोड़ा जाएगा। आयोजनों के लिए प्रत्याशी को रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति भी लेनी होगी।

# प्रयागराज जा रही बस हादसे का शिकार, दो की मौत, 40 घायल



**बिलासपुर।** बिलासपुर में एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि बस बिलासपुर से प्रयागराज जा रही थी, इस दौरान बस केंदा घाटी में गिरी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गईख? जबकि 40 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार यह भीषण हादसा रतनपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर छपरा मोडनार पेंड्रा के पास हुआ। बस की रफ्तार काफी तेज थी चालक बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस पेड़ के बीच अनियंत्रित होकर के पलट गई। जिससे बस में बैठे 40 यात्रियों को हल्की चोटे आई और इसमें से 12 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस भयानक दर्दनाक हादसे में तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। इस हादसे के बाद देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। जिन तीन की हालत गंभीर इन्हें सिम्स रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

# साइबर ठगी का नया तरीका, आप जानकर हो जाएंगे अचंभित



**जबलपुर।** त्योहार में जमकर खरीदारी का दौर चल रहा है। आनलाइन प्लेटफार्म पर सेल की भरमार है। लुभावने आफर है। ऐसे में साइबर ठग भी पूरी तरह से ठगी के लिए तैयार हैं। साइबर ठग रोज-रोज नए नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल ठगों ने गलती से किसी के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर उसका पता करते हैं और संबंधित के बैंक खाते को खाली कर देते हैं। साइबर ठग सीधे लोगों को उनके मोबाइल फोन पर फोन कर रहे हैं। जिसके बाद किसी सामान को खरीदने के लिए उन्होंने धोखे से अपने मोबाइल नम्बर का एक डिजीट गलत डालने की बात कहकर दूसरे के नंबर में ओटीपी आने का हवाला देते हैं। ठग बड़ी ही चालाकी से ओटीपी पूछकर एकाउंट खाली कर देते हैं। इस तरह के कई मामले अब तक पुलिस के पास पहुंच चुके हैं। ठग फोन लगाने के बाद यूजर को कहते हैं कि उनका नम्बर और यूजर के नम्बर में एक डिजिट का फर्क है। वह किसी भी चीज में अपना नम्बर डाल रहे थे, लेकिन यूजर का नम्बर डल गया और ओटीपी उनके पास पहुंच गया। वे यूजर से यह भी कहते हैं कि यदि ओटीपी नहीं बताया, तो उनका ऑर्डर कैंसिल हो जाएगा और उन्हे आर्थिक नुकसान होगा। बात करने वाले खुद को स्कूली या कॉलेज छात्र बताते हैं। यदि यूजर आरोपित के जाल में फंस गया और उसे अपना ओटीपी बता दिया, तो ओटीपी बताने के चंद पलों बाद उसके मोबाइल वालेट से रकम कटना शुरू हो जाती है। जब तक वह बैंक से संपर्क करता है, तब तक आरोपित रकम को कहीं और ट्रांसफर कर चुके होते है।

# इंदौर में बोले भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या- कांग्रेस देश से खत्म हो रही, पांच राज्यों में भी होगा सफाया

**इंदौर।** 20 वर्ष पहले जो मप्र बीमारू राज्य था, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने उसे विकसित राज्य बना दिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को इंदौर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे देश से खत्म हो रही है। पांच राज्यों के चुनाव में भी कांग्रेस का सफाया होगा और पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। सूर्या ने एक ही दिन में तीन अलग-अलग आयोजनों में भाग लिया। पहले क्षेत्र इंदौर -एक में आयोजित नवमतदाता सम्मेलन में शामिल हुए। फिर 'सोशल मीडिया योद्धा' परिचर्चा और इंटलेक्चुअल यूथ कान्क्लेव में शामिल हुए। सम्मेलन में सूर्या ने मोदी सरकार की योजनाओं से लेकर उपलब्धियां गिनाई और विजयवर्गीय की भी तारीफ की। वे बोले कि इंदौर को देशभर में पहचान दिलाने में सबसे अधिक योगदान कैलाश विजयवर्गीय का है। उनके साथ मुझे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के रूप में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन करने के दौरान काम करने का मौका मिला था। विजयवर्गीय की तारीफ करते कहा कि इनकी नेतृत्व क्षमता बेमिसाल है। इस अवसर पर विजयवर्गीय ने कहा कि हम इंदौर शहर को ऐसा एजुकेशन हब बनाएंगे कि एमई जैसे कोर्स करने के लिए देश के युवाओं को इंग्लैंड नहीं जाना होगा अपितु इंग्लैंड का युवा मास्टर्स आफ इंजीनियरिंग (एमई) जैसी पढ़ाई करने इंदौर आएगा। देश के बाहर के दुश्मनों को संभालने के लिए हमारी सेना है, लेकिन देश के अंदर के दुश्मनों को कौन



संभालेगा, यह जिम्मेदारी देश के युवा की है।

### युवा पेशेवरों को संबोधित किया

बाद में ' परिचर्चा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सूर्या ने कहा कि 20 वर्षों के शिवराज सरकार और 9 वर्षों के मोदी सरकार के कामों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा फैलाएं। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित यूथ इंटलेक्चुअल कानक्लेव में सूर्या ने युवा पेशेवरों को संबोधित किया। भाजयुमो के राष्ट्रीय महासचिव रोहित चहल व अन्य पदाधिकारी भी इसमें शामिल हुए।

### दिग्विजय-सोनिया करें रामलला के दर्शन

विजयवर्गीय ने एक बार फिर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने दिग्विजय और सोनिया गांधी को सलाह दी कि वे अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के दर्शन करने जाएं। इससे उनका आने वाला जीवन संवर जाएगा।

## मृत्यु का आभास!



नरेंद्र अहिरवार

शाम बन गई, शहर।
नयन नीर से भरे।
सफ़र ठहर सा गया।
रास्ते, अब खाली पड़े।

ना आहट लगी।
मात्र! अकेलेपन का सन्नाटा लगा।
ज़िंदगी के रंगों की मृगतृष्णा में।
मानों, एक नायक अस्थिर, कांपता दिखा।

सपनों पर बिछी धूल की चादर।
भविष्य रिक्त सा दिखा।
सब कुछ धुंध-धूमिल सा।
मानों, सब थम सा गया।

समय का अंत छोर दिखा।
तेज़ हृदय की धड़कन को,
सुन ना सका।
शून्य हो गया सब कुछ।
मानों, शरीर का कोई अंश न बचा।

हवा कुछ ऐसी चली।
खुले द्वार बंद हो गए।
मृत्यु सा आभास हुआ।
मानों, प्राण निकल से गए।

# अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार का स्मारक बनाने का कांग्रेस वचन पत्र में की घोषणा

## अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी शहीद मनीराम जी का व उनके परिवार का अब होगा सम्मान

**चीचली।** देश की आजादी में योगदान देने वाले महान क्रांतिकारी परिवार विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश का एक ऐसा शहीद परिवार है। जिन्होंने अपने गोंड महाराजा की सेवादारी करते हुए अपना सर्वस्व अर्पित करते हुए आज भी स्वाभिमान का जीवन जी रहे है। शहीद परिवार की आज तीसरी पीढ़ी का संघर्ष कामयाब होते दिख रहा है।जब कांग्रेस कमेटी मध्यप्रदेश ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस वचन पत्र 2023 का जारी कर वचन दिया है कि मध्यप्रदेश के महान क्रांतिकारी वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी की वीरोचित शहादत की यादगार में विशाल स्मारक बनवाया जायेगा।

उक्ताशय के संदर्भ में शहीद सुपौत मूलचंद मेधोनिया व इनका परिवार लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। जब देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा था तब सम्पूर्ण देश में भूले बिसरे शहीद सेनानी की जानकारी मांगी,तब देश के महान इतिहासकारों में श्री श्यामलाल राही पूर्व शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश, प्रोफेसर श्रीमती आर .आर. राठौर, एवं देश के कवि में श्री माखन लाल जसाटी चीचली नरसिंहपुर,श्री रामचरण अहिरवार दमोह, श्री अमर सिंह बौद्ध भोपाल,आलेख लेखक कुमारी शिवानी मेहरा नरसिंहपुर, तथा राजनीतिक श्री गोपीलाल भारती ग्वालियर, श्री रामविलास झारिया मंडला, इत्यादियों ने गहन अध्ययन किया और सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर ने वीर मनीराम अहिरवार के बलिदान को महत्व देते हुए। सामाजिक संगठनों में रविदासिया धर्म संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री माधव सिंह अहिरवार, संत रविदास प्रचारक श्री राधाकिशन दास महाराज भोपाल,श्री संत रविदास सेवा संस्थान भोपाल के श्री बारेलाल अहिरवार झुग्गी झोपड़ी किसान मजदूर समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री बलवान सिंह कुशवाहा,इत्यादि सामाजिक लोगों की लगातार पहल पर शहीद परिवार को समय-समय पर सम्मान करते हुए मांग की गई थी कि मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति वर्ग में जन्मे महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिया जाए और उनके परिवार को जो देश की आजादी में अभी जो सुविधाएं दी जाती रही है वैसे ही इस परिवार को देकर अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग को गौरवान्वित किया जाये। सभी की मांग को देखते हुए कांग्रेस ने और पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी ने अपने वचन पत्र में अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी की यादगार में विशाल स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया गया है। शहीद परिवार की आवाज उठाने को प्रदेश की बौद्ध विहार समितियों में श्रीमती इंदू ताई, आशा जी, श्री अजय नारनवरे, श्री विजय सुरणकर आदि लोगों सहित कबीर मिशन समाचार पत्र के संपादक मंडल में श्री रामेश्वर मालवीय, श्री इंदर वर्मा सर्वहारा की आवाज के संपादक श्री परमसुख शाक्य सभी के अभूतपूर्व योगदान व प्रखर न्यूज एजेंसी भोपाल, पत्रकार श्री प्रवीण अग्रवाल, युवा प्रदेश समाचार पत्र के संपादक श्री नागेश नरवरिया, गोंडवाना समय संपादक महोदय सिवनी,सहयोग से वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी का स्मारक बनाने की कांग्रेस पार्टी ने अनुसूचित जाति वर्ग को गौरवान्वित करने का वचन दिया है।जिस महान सहयोग के लिए शहीद परिवार सभी को सादर अभिवादन कर आभार व्यक्त किया है।




# बहुत ही धूम धाम से मनाया पत्रकार हल्केवीर का जन्म दिन



हल्के वीर, संवाददाता देवरी(पत्रकार)

**देवरी।** आज का समय युवा वर्ग का समय है। युवा वह है जो देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने की हिम्मत रखता है। ऐसा ही युवा रायसेन जिले के विकासखंड उदयपुरा के तहसील देवरी के ग्राम पंचायत चीखली का है। यह युवा आए दिन नवाचार करता रहता है,चाहे वह ग्रामीण क्षेत्रों का हो या फिर शहरी क्षेत्रों का, मामला समाज सेवा का हो या फिर असहाय वर्ग की मदद का, हमेशा तत्पर रहता है। ऐसा ही जन्म हुआ 19 अक्टूबर 2000 को पत्रकार हल्के वीर का जिसने समाज के प्रत्येक वर्ग का दिल जीत रखा है। इस क्षेत्र में इस चेहरे को बखूबी युवा वर्ग पहचानता है। 19 अक्टूबर को तहसील उदयपुरा की बालक छात्रावास में इस युवा का जन्म दिन बहुत ही धूम धाम से मनाया गया जिसमे अनेक युवा साथी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जन्मदिन की बधाइयां मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित की गई। इस उपलक्ष में कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रत्यक्ष रूप से जन्मदिन की बधाइयां दीं। श्री पंकज आर्य जी, श्री श्याम प्रजापति जी, श्री सत्येंद्र आठिया जी, श्री विजय जी और तमाम युवा साथी उपस्थित रहे।




# रायसेन जिले मप्र की भोजपुर विधानसभा चुनावों की चहल पहल

संवाददाता हेमंत शाक्या



भोजपुर। विधानसभा 2024 चुनाव को लेकर इन उम्मीदवारों पर भी सहमति बन सकता है वरिष्ठ नेतृत्व भाजपा में भोजपुर विधानसभा चुनाव में सात उम्मीदवार अब देखना होगा कि किसका किस्मत का ताला खुलता है पढ़ते रहिए युवा प्रदेश न्यूज नेटवर्क समाचार पत्र रायसेन जिले की भोजपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्रों की खास ख़बर सुरेंद्र पटवा , जयप्रकाश शर्मा , राजेंद्र अग्रवाल , जोधा सिंह अटवाल , विपिन भार्गव , गणेश मालवीय , कृष्ण गोपाल पाठक , इन 7 नेताओं में से एक व्यक्ति करेगा क्षेत्र का नेतृत्व सिंगाजी समाचार की खास रिपोर्ट।

# पुलिस अधीक्षक सार्वजनिक करें राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों की अपराधिक कुंडली: चंचलमल है



चंचलमल जैन
रमैय्या वार्ड, जगदलपुर
मोबाईल- 7805926787


**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक बस्तर को ज्ञापन सौंपकर वर्तमान विधानसभा चुनाव में विभिन्न राजनैतिक दलों प्रत्याशियों की अपराधिक मामले की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। अवगत हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा के चुनाव होने को है। चंचलमल जैन द्वारा अपनी समाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए और जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते कहा कि कोई भी अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से जनता का प्रतिनिधि नही बनना चाहिए। उनका कहना हैकि अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को राजनीतिक दल अपना प्रत्याशी बनाती है तो इससे उस पार्टी कि क्या छवि है यह तो सार्वजनिक हो ही जाएगी लेकिन अगर अपराधिक प्रवृति के लोगों को चुनाव में अवसर मिलेगा तो जनता के साथ ईमानदारी से काम करने वाले नेता जैसे चुनकर आएगे। जो कोई ईमानदारी से जनता के बेच काम करते आया हो जिसका स्वभाव मृदु और जनता के प्रति सही है केवल ऐसे लोगों को ही पार्टी को प्रत्याशी बनाना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से ज्ञापन सौंपकर विनम्रता पूर्वक निवेदन है कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में जिम्मेदार राजनैतिक दलों द्वारा बनाये गए सभी प्रत्याशियों के बस्तर ज़िला के सभी पुलिस स्टेशन में दर्ज़ अपराधिक प्रकरणों की जानकारी और उनके विरुद्ध चल रहे विभिन्न प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी को सार्वजनिक करने की मांग की है।

## भोपाल में रास्ते में बुजुर्ग को आया हार्ट अटैक, सिपाही ने सीपीआर देकर बचा ली जान

भोपाल। गुरुवार दोपहर वह पत्नी-बेटे के साथ बाइक से अपने घर लौट रहा था। कमलापार्क में पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही अचानक उसके सीने में दर्द उठा। सड़क किनारे बाइक रोकते ही उस व्यक्ति की सांसें उखड़ने लगी थीं। वह पसीने से लथपथ हो गया था। इस दौरान वहां से गुजर रहे ट्रैफिक के सिपाही ने एक पल की देर लगाए बिना उस व्यक्ति को जमीन में सीधा लिटाकर सीपीआर देना शुरू कर दिया। दो मिनट के अंदर ही उसकी धड़कन सामान्य हो गईं। सिपाही की कर्तव्य परायणता को देखते हुए पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र ने उसे एक हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। नेहरू नगर पुलिस लाइन में रहने वाले विपिन अत्री ट्रैफिक थाने में सिपाही हैं। विपिन, गुरुवार दोपहर करीब दो बजे खाना खाने के लिए मोती मस्जिद पाइंट से अपने घर जा रहे थे। कमलापार्क स्थित पेट्रोल पंप के उन्होंने एक बुजुर्ग को सड़क किनारे तड़पते हुए देखा। पास ही बुजुर्ग की पत्नी और बेटा बदहवास हालत में खड़े थे। माजरा भांपते ही विपिन ने उस व्यक्ति को जमीन पर सीधा लिटाकर सीपीआर देना शुरू किया। देखते ही देखते उनकी धड़कनें सामान्य होने लगी। उन्होंने आंखें खोल दी। एहतियात के तौर पर विपिन ने एंबुलेंस बुलवाकर उन्हें हमीदिया अस्पताल के लिए रवाना कर दिया।

# नवरात्रि पर्व में साउंड सिस्टम और नो एंट्री समय सीमा बढ़ाने कलेक्टर, एसपी को लिखा पत्र





पंजी क्र. 56/141/2022-23

भारतीय गण वार्ता पार्टी

भगवा पार्टी

राष्ट्रीय कार्यालय फोन : 0755-4058751, मो.: 9893451772,6261335799

शिवाकांत शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष,भोपाल मो.-9893451772 | कमलेश द्विवेदी जिला अध्यक्ष,अनूपपुर मो.-9300685399 | गंभीर सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष,अनूपपुर मो.-9993687466 | कैलाश शर्मा जिला उपाध्यक्ष,अनूपपुर मो.-9977829178

क्रमांक/ज्ञा./2023/10 दिनांक 18/10/23

प्रति,

(1) श्रीमान माननीय कलेक्टर महोदय जिला–अनूपपुर(म.प्र.)

(2) श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला–अनूपपुर(म.प्र.)

विषय– जिला अंतर्गत दुर्गा पण्डालो में साउण्ड सिस्टम का समय सीमा बढानें एवं नवरात्री के त्योहार को ध्यान में रखते हुऐ शहर के अन्दर नो इन्ट्री का समय बढाय जानें विषयक।

महोदय

(1)श्रीमान जी से निवेदन है कि वर्तमान समय में शारदेय नवरात्रि मां के आगमन उत्सव का पर्व सनातन धर्म के द्वारा बड़े हर्षो उल्लास के साथ विगत कई वर्षो से मनाया जाता है। अनूपपुर जिला मुख्यालय से लगे हुऐ 60 व 65 गांव के जनता जनार्दन बच्चों माताओं व बहनों के साथ उपवास का पारण करनें के पश्चात रात्रि 08 बजे बाद दुर्गा पंडालो में मां के दर्शन एवं उत्सव हेतु उपस्थित होते है प्रत्येक दुर्गा पंडालों के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करते करते कब समय निकल जाता है जिसका आभास नहीं हो पाता और संपूर्ण दुर्गा पंडालों स्थापित का दर्शन एवं उत्सव का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है अतः श्री मान जी से निवेदन है की शारदे नवरात्रि मां के उत्सव के लिये मात्र दुर्गा पूजा पण्डालो में साउण्ड सिस्टम की समय सीमा रात्रि 10 बजे से बढा कर 11 बजे तक करनें की कृपा की जाए, जिससे सभी पण्डालो में सभी श्रद्धालुजन,बच्चों, माताएं एवं बहनों को इस उत्सव को मनानें के लिये पर्याप्त समय आपकी कृपा से मिल सके श्रीमान जी से अनुरोध है कि निम्न बिंदुओं पर विचार करते हुऐ इस नवरात्रि के पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मना सकें सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुऐ निर्णय देनें का कष्ट करें।

(2) माननीय जी शारदेय नवरात्रि उत्सव के समय नगर में श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन एवं उत्सव मनानें हेतु 60 से 70 गांव के लोग उपस्थित होते हैं। और उसी समय बड़े वाहन भी मुख्य मार्गो से आवागमन शहर के अंदर से संचालित रहता है जिसके कारण किसी भी समय अप्रिय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अतः महोदय जी से निवेदन है कि बड़े वाहनों के नो इन्ट्री का समय भी रात्रि 11 बजे के पश्चात करनें की कृपा करें जिससे नगर के अंदर आए हुऐ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाया जा सके।

धन्यवाद

निवेदन
कमलेश द्विवेदी
जिला अध्यक्ष
भारतीय गण वार्ता पार्टी
भ.ग.वा.पार्टी अनूपपुर

**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) अनूपपुर के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी के द्वारा माननीय जिलाध्यक्ष कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को एक निवेदन ज्ञापन पत्र सौंपकर नगर के रहवासियों की ओर से यह अपील की गई है कि शारदेय नवरात्रि में माँ के आगमन उत्सव के लिए ,सभी दुर्गा पूजा पंडालों में साउंड सिस्टम की समय सीमा रात 10ः00 बजे से बढ़कर रात्रि 11:00 बजे तक और शहर के अंदर नो एंट्री में बड़े वाहनों का प्रवेश भी रात 11:00 तक प्रतिबंधित कर दी जाए जिससे सभी पंडालों में सभी बच्चों,माताएं एवं बहनों को इस उत्सव को मनाने के लिए पर्याप्त समय और सुरक्षा व्यवस्था मिल सके।

# भगवा पार्टी ने म.प्र. चुनाव के लिए जारी किया सेवा संकल्प पत्र

### शिक्षा,स्वास्थ्य,बिजली,पानी,सुरक्षा जैसी सुविधाएं मुफ्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ संविदा कार्मिक प्रथा समाप्त कर नियमित कर्मचारियों की भर्ती है भगवा पार्टी का प्रमुख संकल्प : कमलेश द्विवेदी




**अनूपपुर।** म.प्र. की राजधानी भोपाल स्थित कार्यालय भारतीय गण वार्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला ने पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भारत को सशक्त राष्ट बनाने के लिए लक्ष्य पर सेवा, पारदर्शिता,सदाचार, शिष्टता एवं निरंतरता के जन कल्याणकारी मूल्यों को लेकर पार्टी का सेवा संकल्प पत्र जारी किया है,जो कि एक सशक्त और प्रगतिशील राजनैतिक भविष्य को प्रस्तुत करता है।पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य,बिजली,पानी,सुरक्षा जैसी सुविधाएं मुफ्त कराने,जहा झुग्गी वहीं मकान जहां गुमठी वहीं दुकान बनवाने,विधायक,मंत्री को एकल पेंशन योजना और वेतन भत्ता आधा करने,महिलाओं और बुजुर्गो की सुरक्षा आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लायसेंस देना,किसानों के सभी ऋण माफ कर ब्याज मुक्त ऋण तथा किसान समूह बनाकर फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगवाना,कोल्ड स्टोर,राइस मिल की स्थापना,हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देना संविदा कार्मिक कर्मचारियों की नियुक्ति बंद करना और उन्हें स्थाई कर्मचारियों घोषित करना, और भविष्य में भी केवल नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति करना ,जन लोकपाल विधेयक लाकर सरकारी तंत्र और राजनैतिक पार्टियों को पारदर्शी बनाना,प्रदेश में नशामुक्ति सभी नशीले पदार्थ बंद करने,स्थानीय व्यापार को आगे बढ़ाएंगे, ऑन लाइन व्यापार को सीमित दायरे तक रखना,वार्षिक निः शुल्क तीर्थ यात्रा,पुजारियों को बीमा, हिन्दू मठ,मंदिरों का विकास कार्य,रोजगार मेले,छात्रों को निःशुल्क कोचिंग,ठेकेदारी प्रथा में प्रदेश के ठेकेदारों को प्राथमिकता देना बड़े कार्यों को दुकड़ों में करके टेण्डर लगना,राजनैतिक पार्टी के धन राशि का एक उचित निर्धारण होना,प्रदेश में डीजल एवं पेट्रोल टैक्स मुक्त किया जाएगा,सेवानिवृत्त सैनिक एवं 4 वर्ष की सेना से प्रशिक्षित सैनिकों का हर जिला स्तर तक, प्रदेश एवं जिला में जन सुरक्षा बोर्ड का गठन करना,देश विरोधी गतिविधि में सम्मलित एवं घुसपैठीयों की पहचान कर उनका खात्मा करना,रसोई गैस में 50 प्रतिशत सब्सिडी,शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण एवं व्यवसायी करण को रोकना,थर्ड जेन्डर को प्रदेश की योजना शिक्षा,स्वास्थ्य, सुरक्षा पुलिस,चुनाव राजनैतिक एवं प्रदेश की हर योजनाओं में आरक्षण देना, अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लागू करना , पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करना, हर संभाग में एम्स अस्पताल निर्माण हेतु प्रयास,गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कराना एवं गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कराना,एक देश एक जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराना शामिल है।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला के साथ राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष देवमोरारी बापू,सुरेन्द्र शुक्ल, राष्ट्रीय महासचिव अरुण अग्रवाल, मुरारी लाल पांडेय,राष्ट्रीय सचिव विनोद पाण्डेय,म.प्र.कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र मिश्रा, लखनलाल श्रीवास्तव,नीरव खेतवाल, कमलेश द्विवेदी,गौरव मिश्रा,कुनाल पाण्डेय,सुश्री लक्ष्मी मीणा,कमलविष्ठ,संजयशर्मा,अभिषेक तिवारी,मनोज भदौरिया,संजय शर्मा,बलवंत सिंह पटेल,राजा सिंह पटेल,अभिषेक पाण्डेय सहित पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैरागढ में अवैध रूप से बिक रही आतिशबाजी एंव पटाखे, दुकानदार के पास नहीं मिला कोई वैध दस्तावेज, क्राइम ब्रांच ने की कार्यावाही

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

दीवाली के पहले अवैध आतिशबाजी पर अंकुश ,क्राइम ब्रांच भोपाल को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो हलालपुरा के पास सोनी पटाखा के नाम से दुकान चलाता है दो दुकान किराये से लेकर दुकान में बिना वैध कागजात के रिहायशी क्षेत्र में आतिशबाजी एंव फटाखे रखे हैं जिसके कारण कोई दुर्घटना हो सकती है सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एंव सूचना से नायब तहसीदार बैरागढ को अवगत किया गया । नायब तहसीलदार को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचे तो दुकानो में ताला लगा मिला एंव दुकानों के पास एक व्यक्ति नीली टीशर्ट में खड़ा था जिससे दुकान के सम्बंध में पूछताछ करने पर उसके दोनो दुकाने स्वंय की होना बताया बाद में उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम तथा उम्र 42 साल निवासी म.न.न 13 सीटीओ सर्वोदय कालोनी बैरागढ भोपाल का होना बताया एंव उनको सूचना से अवगत करते हूये दुकान संचालक से दुकानो का ताला खुलवाया गया तो दोनो दुकानो में आतिशबाजी एंव पटाखे के बॉक्स रखे मिले जिसके सम्बंध में नायब तहसीलदार के द्वारा दुकानदार से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दुकानों में करीबन 450 बॉक्स लगभग आतिशबाजी और फटाखो के रखे हैं जिसकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रूपये हैं उसने स्वीकार किया कि सामान उसी का है बाद नायब तहसीलदार के द्वारा आतिशबाजी एंव फटाखे दुकानो में रखने के सम्बंध में वैध कागजात पेश करने को कहा गया जो दुकानदार द्वारा पेश नही किये गये बाद नायब तहसीलदार साहब के द्वारा उक्त दुकानों को ताला लगा कर सीलबंद किया गया एंव दुकानों में लगे तालो की समस्त चाबिया दुकानदार को सुपुर्द करने के बाद कार्यावाही का पंचनामा तैयार किया गया । नायब तहसील के द्वारा दुकानदार को 17 अक्तुबर तक दुकानो में रखे सामग्री के सम्बंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु पाबंद किया गया।

# दसवीं कक्षा के नाबालिग छात्र की हत्या के मामले मे फरार आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटो मे किया गिरफ्तार



**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

थाना बागसेवनिया क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक 14 अक्तुबर को 10 वीं कक्षा के छात्र पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट मिलने तथा, प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय भोपाल व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा समुचित दिशा निर्देश दिए गए । इस मामले में पुलिस उपायुक्त जोन - 2 भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 भोपाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त मिसरोद संभाग नगरीय पुलिस भोपाल के निर्देशन मे थाना प्रभारी बागसेवनिया के नेतृत्व मे एक टीम का गठित करके नाबालिग की हत्या में फरार आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग अपने अन्य दोस्तों के साथ खाना खाने के बाद लौट रहा था तभी अमराई क्षेत्र में सभी के साथ आरोपीयों ने रास्ता रोक कर गाली गालौच,मारपीट कर जान से मारने की नीयत से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी गई, फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 699/2023 धारा 341,294,307,506,34 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। हमले में घायलों को भोपाल को एम्स अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसमें एक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जिससे मामले में धारा 302 भादवि का इजाफा किया गया । आरोपियान की तलाश उसके निवास स्थान पर की गई जिनमे 3 बालक को चंद घंटो मे अभिरक्षा में कर लिया गया एवं तीन अन्य आरोपी घटना के समय से ही फरार हो गए थे जिनकी तलाश की गई आरोपियों को की 16 अक्तुबर को जेल पहाड़ी मे छुपे होने की जानकारी मिलते ही घेराबंदी कर तीनो फ़रार आरोपियों को हिरासत में लिया गया । आरोपियों से विस्तृत पूछताछ करने पर जानकारी मिली की घटना वाली रात्रि लगभग 11.00 बजे दोनो पक्षो की आपस मे कहासुनी हो गई थी उसके बाद फरियादी पक्ष जब अमराई क्षेत्र से गुजर रहा था तो पुनःआमना सामना हो गया और पुरानी बात को लेकर दोनो पक्षो मे पुनः कहासुनी हो गई । आपसी गाली गलौच बढ़ जाने पर आरोपी पक्ष ने कमर से चाकू निकालकर तीनों पर हमला कर दिया एवं उनकी एक्टिवा गाड़ी की तोड़फोड़ कर दी । जान लेने की नियत से किये गए हमले मे एक की मृत्यु हो गई , अन्य का इलाज चल रहा है ।

# नौकरी दिलाने के नाम पर की डेढ़ करोड़ रु की ठगी करने वाले दो आरोपियों को सायबर क्राईम टीम द्वारा दिल्ली से किया गिरफ्तार

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

ठगी का शिकार हुए आवेदक जो निवासी कोलार रोड भोपाल निवासी है पूर्व में मल्टी नेशनल कंपनी में काम करते थे । उनके साथ नौकरी दिलाने के नाम पर 1.35 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर से नेपाल के नागरिक सहित 12 आरोपीयों को सायबर क्राईम ब्रांच भोपाल ने दिल्ली से किया गिरफ्तारा इस घटना की जाँच अपराध धारा 420, 506120 (बी) भादवि के अन्तर्गत थाना क्राइम ब्रांच जिला भोपाल द्वारा की जा रही थी, जिसमे आवेदक के साथ नौकरी देने के नाम पर 1.35 करोड रूपये की अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी की गयी है। घटना को गंभीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई।जाँच में तथ्य सामने आया कि आरोपीयों द्वारा अलग- अलग नाम से जॉब देने वाली कम्पनी के नाम की वेबसाइट बनाई जाती थी। जिसके बाद



आरोपीयों द्वारा उस वैबसाइट को विजिट करने वाले लोगों को डाटा निकाल कर लोगो कॉल करके उनकी जरूरत के हिसाब की नौकरी दिलवाने का प्रलोभन दिया जाता था आरोपी अपनी वेबसाइट को इस प्रकार डिजाइन करते थे जिसमे उस वैबसाइट मे ही पेमेंट गेटवे उपलब्ध होता जिसके कारण लोगो द्वारा उस वैबसाइट पर विश्वास कर लिया जाता था और रूपये की ठभी उसी पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही होती थी। जिसके बाद अलग-अलग चार्ज के नाम पर लोगों से रूपये की मांग कि जाती थी। आरोपी अपनी पहचान छुपाने व पुलिस से बचने के लिये फर्जी नबरों से कॉल करते थे एक नम्बर को 5 से 10 कॉल करने के बाद बंद कर दिया जाता था एवं वैबसाइट के पेमेंट गेटवे मे भी फर्जी दस्तावेज लगा कर गेटवे प्राप्त किया जाता था इसके साथ ही आरोपियों द्वारा पुलिस से बचने के लिये समय-समय पर बदलते थे अपने काल सेंटर की लोकेशन ।आरोपीयो द्वारा फरियादी से बात करने के लिये मेल आईडी का उपयोग किया जाता था। आरोपीयो द्वारा मेल आईजी का उपयोग वीपीएन लगा कर किया जा रहा था। एवं गेटवे मे लिंक बैंक खाते से रुपये एटीएम के द्वारा देश के अलग- अलग राज्यों से निकाले जा रहे थे। सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मैदानी स्तर पर प्राप्त साक्ष्यो एंव तकनीकी एनालिसिस के आधार पर प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले कॉल सेंटर से नेपाल नागरिक सहित दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया जिनसे अपराध में प्रयुक्त 4 मोबाईच फोन, 2 लैपटॉप को जप्त किया गया।आरोपियों के द्वार अभी तक 97 लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई है ।

# भीम आर्मी सतना के बनाए गए जिला अध्यक्ष विजय वर्मा

**सतना।** भीम आर्मी जिला रीवा में संविधान बचाओ यात्रा के दौरान उत्तरप्रदेश एवं मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रभारी सिकंदरा बौद्ध जी की अनुसंसा में प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया जी के द्वारा सतना जिला का जिला संयोजक विजय वर्मा जी की नियुक्त किया गई और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह जी द्वारा कहां गया की आप बिना किसी दबाव के संगठन में कार्य करिए और संगठन को मजबूत करे इस मौके पर मौजूद गंगा वर्मा,रोहित , सोनू आजाद रीवा जिला अध्यक्ष ,मधुकर सूर्यवंशी , वीरेन्द्र आदि अनेकों कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर बधाई दी और आशा भी जताई की आप जिला संयोजक के पद को निस्वार्थ भावना से कार्य और सभी के सुख-दुख में हमेशा आप खड़े रहेंगे हर अन्याय के प्रति आप आवाज को बुलंद करेंगे और बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद जी के हाथों को मजबूत करेंगे



भीम आर्मी भारत एकता मिशन

संस्थापक
एड. चन्द्रशेखर आजाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
विनय रतन सिंह

मध्यप्रदेश

प्रदेश संयोजक
सुनिल बैरसिया

क्रमांक - BA/MP/O/A-194 — दिनांक - 11/10/2023

प्रेस विज्ञप्ति

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब के आंदोलन/ मिशन को मजबूत करने के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन मध्यप्रदेश का विस्तार करते हुए मध्यप्रदेश में जिला सतना मे जिला सयोजक की नियुक्ति की जाती है

मा. विजय वर्मा जी
जिला सयोंजक (सतना)
मो. 91094 23355

आपसे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है, कि आप बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर व मान्यवर साहब कांशीराम जी के मिशन / आंदोलन को मजबूत करेंगे।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

सुनील बैरसिया
प्रदेश संयोजक
भीम आर्मी म.प्र.

प्रतिलिपी-
श्रीमान जिला अधिकारी महोदय जिला जिला सतना म.प्र.
श्रीमान जिला पुलिस अधिक्षक महोदय जिला सतना म.प्र.

सूचनार्थ -
मा. एड. चन्द्रशेखर आजाद जी संस्थापक महोदय
मा. विनय रतन सिंह जी राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय
मा. सिकंदर बौद्ध जी प्रभारी महोदय


# दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित डोला के खुलने से पशुपालकों में दौड़ी उत्साह की लहर

**अनूपपुर/डोला।** दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के खुल जाने से नगर वह अन्य ग्रामीण क्षेत्र आमाडांड तक की एक इकलौती दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह व सचिव राहुल सिंह चंदेल द्वारा यह बताया गया कि समिति के खुल जाने से कई ग्रामवासी के पशुपालकों की दूध हमारे द्वारा फैट के अनुसार निष्पक्ष भाव से खरीदी कर शासन से प्राप्त सारी सुविधाएं पशुपालकों को मुहैया कराया जाएगा किसी प्रकार की भेदभाव नहीं की जाएगी व सचिव महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि पशुआहार व दुग्ध से बने सांची मिनरल फ्रूट जल्द ही ग्राम वासियों को उपलब्ध कराई जाएगी

सांची Sanchi
शुद्धता का संकल्प

# विभागीय बाबू के प्रताड़ना से तंग हो पदस्थ आदिवासी महिला पर्यवेक्षक ने थाने में की शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

**अमित कुमार बैस**



कोतमा। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा में मौजूद महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग से एक महिला पर्यवेक्षक को बाबू द्वारा प्रताड़ित किए जाने का मामला समझ आया है जिसमें महिला द्वारा कोतमा थाना में लिखित शिकायत देते हुए अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने मांग किया गया है? महिला सीमा सिंह भलावी पिता ढाल सिंह भलावी जो महिला एवं बाल विकास परियोजना कोतमा में पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थ है? जिसके द्वारा शिकायत किया गया है कि महिला सीमा भलावी ने अपने ही विभाग में कार्यरत बाबू सहायक ग्रेड़ -3 पंकज कुमार राय पर साफ आरोप लगाया की विभाग द्वारा महिला सीमा को प्नभारी परियोजना अधिकारी का प्नभार मिला रहा, जिस पर पंकज कुमार राय द्वारा सीमा भलावी से कहा गया कि उक्त पदभार मेरे सिफारिश व जिला कार्यक्रम अधिकारी को पार्टी दिए जाने के कारण हुई है? महिला सीमा भलावी ने पंकज कुमार राय से अपनी सास के तबियत खराब होने पर कर्ज भी लिया गया रहा शायद जिस कारण पंकज राय और भी अहसान जताने की प्नयास में रहा? जिसके कृत्य को देख महिला सीमा ने लिया कर्ज तो वापस किया परन्तु श्रीमान पंकज राय ने सीमा भलावी पर झल्ला एहसान जताते हुए तुम इस पद के लायक नहीं कह तुम्हारी शिकायत जिला कार्यक्रम में हुई बताया गया, जिस पर महिला सीमा ने जब शिकायत पत्र चाहा तब पंकज राय ने महिला सीमा भलावी से अभद्रता पूर्वक व्यवहार के साथ ही गाली गलौच तथा जातिगत टिप्पणी कर बहुत बहस के बाद पत्र दिया गया? महिला सीमा भलावी को परियोजना का प्नशासनिक प्नभार मिले महज एक दिवस हुआ था जबकि उसके पूर्व से ही सीमा भलावी जिला कार्यक्रम अधिकारी के मौखिक आदेश पर कार्य को कर रही थी? सीमा भलावी को उसके विरुद्ध मिले विभागीय शिकायत पत्र में जिन कार्यकर्ताओ का नाम दर्ज है उनमे से कोई भी कार्यकर्ता इनके परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत नहीं ऐसा सीमा भलावी का कहना है साथ ही जिनके नाम सीमा को मिले शिकायत पत्र पर हैं उन सभी का कहना है हमने कोई हस्ताक्षर किसी भी शिकायत पत्र पर नहीं किए? जिला कार्यक्रम अधिकारी को सूचना देने पर आगे कार्य किए जाने की बात कहते हुए बाद आकर देखने को लेकर कहा गया?और वहीं पंकज राय द्वारा सीमा भलावी को मिले प्नभार को लेकर षड़यंत्र किये जाने को लेकर भी शिकायत किया गया है? महिला सीमा भलावी ने बताया है कि दिनांक 27/09/2023 को परियोजना कार्यालय में जमकर हल्ला गुल्ला हुआ जो पोषण आहार परिवहन के किराए को लेकर था,जिस मामले को लेकर सीमा भलावी द्वारा टीएचआर परिवहन के समस्त दस्तावेज चाहे गए एवं परिवहन कर्ता के वाहन रजिस्ट्रेशन नम्बर भी चाहे गए? जिस पर कांग्रेस महिला प्नकोष्ठ की अध्यक्ष से फोन लगवा कर सीमा भलावी को धमकी दिया गया? जिसके बाद सीमा को प्नभारी परियोजना अधिकारी के पदभार से बिना कोई लिखित जानकारी व आप्पति कार्यकर्ताओ को बैठक के दिन बिना सूचना दिए ही पद से हटा पुन- पर्यवेक्षक के पद पर ला दिया गया? जिस पर महिला सीमा भलावी का कहना है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिना पूर्ण सच को जाने बगैर ही पंकज राय का साथ देते हुए गलत निर्णय लिया और मुझ आदिवासी महिला के साथ अभद्रता व गाली गलौच तथा जातिगत टिप्पणी के साथ नीच और इस पद के लायक नही ऐसे व्यक्ति का साथ देकर मुझसे प्नभारी परियोजना अधिकारी का प्नभार छीनकर मुझे आहत एवं और नीचा दिखाए जाने जैसा कृत्य किया गया है? जिन समस्त विषयो लेकर सीमा भलावी द्वारा कोतमा थाना प्नभारी सुन्द्रेश सिंह को आपबीती बताई जाकर लिखित शिकायत पत्र देते हुए न्याय किए जाने की गुहार लगाई जाने के अलावा जिला कलेक्टर को भी जनसुनवाई के माध्यम से अवगत कराते हुए सही न्याय करते हुए पुनः प्नभारी परियोजना अधिकारी का प्नभार दिये जाने की मांग किया गया है साथ ही अनूसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत एक आदिवासी महिला को जबरन परेशान व मानसिक प्नताड़ना तथा पद प्नभार छीने जाने को लेकर झूठा षड़यंत्र करने में सत्यता पूर्वक जांच कर दोषी पाए जाने पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने मांग किया गया है? इस मामले के सामने आने से यह समझ आ रहा कि महिलाओ के साथ प्नताड़ना का मामला शायद सच है जिस पर शासन प्नशासन को गौर करना चाहिए साथ ही इस विषय पर भी ध्यान देना चाहिए कि सम्पूर्ण अनूपपुर जिला एक बड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है? और इस तरह के कृत्य आदिवासी महिला के साथ होना शर्मसार करने जैसा विषय है? तो क्या महिला द्वारा जिन विभागाधिकारियो के पास शिकायत कर गुहार लगाई गई है तो इसमे आदिवासी महिला सीमा सिंह भलावी के साथ क्या वाकई न्याय होगा या आदिवासी महिला जानकर ठंडे बस्ते में छोड़ दिया जाएगा?

**इनका कहना है**

मुझे महिला सीमा सिंह भलावी द्वारा शिकायत प्नाप्त हुई है जांच कर तथ्य मिलने पर आगे उचित कार्यवाही की जाएगी?

**सुन्द्रेश सिंह, थाना प्नभारी कोतमा**

## जन सभा को संबोधित कर प्रदेष मुखिया ने कहा

# मध्य प्रदेश मेरा मन्दिर, जनता मेरी भगवान , मैं शिवराज सदैव उनका पुजारी

## मां सिंहवाहिनी भटिया माता के दर्शन को पहुंचे मुख्यमंत्री , सभा में रही हजारों की भीड़




**बुढ़ार।** आज 16 अक्टूबर को विराट नगरी शहडोल के पचगांव स्थित अंतरा के कंकाली मंदिर में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान माता आदिशक्ति के दर्शन लाभ लेने पहुंचे, जहां पर जनसभा का भी आयोजन किया गया था, जिन्हें संबोधित करते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान जनता से रूबरू हो आशीर्वादद्व प्राप्त किए ततपश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैतपुर के सिंहवाहिनी माता भाटिया मन्दिर में पहुंच कर माता सिंह वाहिनी के दर्शन किए और क्षेत्र के विकास, सुख समृद्धि की मंगलकामनाए पुर्ण विनती कर , माता सिंह वाहिनी के समक्ष दर्शन कर उन्हे दंडवत प्रणाम किए वहीं भटिया से कुछ ही दूर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जनसभा का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां पहुंचकर प्रदेश के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता को प्रणाम कर संबोधित करते हुए कहे हैं कि यहां पर उपस्थित सभी जनता को मै सादर प्रणाम करता हूं, आज भाटिया माता मंदिर में हम आए माता का दर्शन किए और उनसे बस यही कामना किए कि हमारे क्षेत्र, शहडोल संभाग, मध्य प्रदेश, और देश में सुख ,समृद्धि, खुशहाली, को निरंतर कायम रखें आज मेरा भाटिया में आने का मकसद सिर्फ और माता के दर्शन और जनता के दर्शन लेने का रहा आज इस मंच में जितने भी माताएं बैठी हैं,बहने बैठी हैं,वे सभी लाडली बहन योजनाएं से लाभान्वित हैं, इस योजना से मैने आपको आपका मान सम्मान, अधिकार दिया है, जनता के विकास को गति और उन्नति देने के लिए कन्या विवाह, छात्रों और बच्चों को पढ़ाई, साक्षरता प्रगति के लिए कई तरह की प्रोत्साहन राशि, स्कुटी इत्यादि दी गई हैं आज मैं भाटिया माता मंदिर के प्रांगण में खड़ा हूं, और यहां पर उपस्थित जनता, को मै परिवार मानता हूं, मैं सिंह वाहिनी माता से बस इतनी ही विनती करता हूं, की मै निरंतर, मरते दम तक इस परिवार की सेवा करता रहूं शिक्षा स्वास्थ्य के स्तर पर किस तरह के नए बदलाव हो,यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही सोच सकती है, आज भटिया को लोक बनाने के लिए कहा गया है मगर मैं घोषणा नहीं करता हूं लेकिन जनता का आशीर्वाद और माता की कृपा रहेगी तो है लोक अवश्य बनेगा.... ... प्रत्येक परिवार में एक रोजगार जरूर दिया जाएगा जिससे, आर्थिक स्थिति की तस्वीर बढ़ते विकाश, और अच्छे जीवन चर्या के मापदंड बने वहीं जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने भी कहा की यहां पर उपस्थित सभी जनता को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आज आप हमारे मुख्यमंत्री को अपना आशीर्वाद देने यहां इकट्ठा हुए हैं, आज प्रदेश के मुखिया ने जो इस प्रदेश के लिए सोचा है, और किया है, वह बहुत बड़ी बात है, बीमारू राज्य से विकासशील राज्य तक कड़े परिश्रम से जिस प्रकार इन्होंने पहुंचाया है, हम सभी उनके आभारी हैं... ललन सिंह जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामान = जयपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से टिकट के दौड़ में रहे लेकिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी हाई कमान ने टिकट न मिलने से ना खुश होकर मध्य प्रदेश के एसएससी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस को बड़ा झटका बताया जा रहा है ललन सिंह के भाजपा में शामिल होने पर।

**इनकी रहि उपस्थिति**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जैतपुर विधानसभा प्रत्याशि जय सिंह मरावी, पीतांबर टोपनानी ,रविकांत त्रिपाठी, बुढ़ार न.प. अध्यक्ष शालिनी सरावगी, पूर्व न.प.अध्यछ कैलाश विषनानी, अध्यक्ष दीनदयाल अंत्योदय समिति पुष्पेंद्र ताम्रकार, अनिल प्रताप सिंह , बकहो न.प. अध्यछ मौसमी केवट, सुनैना सिंह सैयाम, धनपुरी न. प. अध्यछ रविन्द्र कौर रविंदर कौर छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह , दीपक शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, रामा शंकर कुशवाहा, हर्ष प्रताप सिंह, प्रेम वर्मन, मंडल अध्यक्ष कामाख्या नारायण राय ,विपुल सिंह, बीबीदिनेश साहू, हेमंत सोनी, अरविंद रजक, अनुपम सिंह, अवनीश सिंह, सुधाकर शर्मा, विपिन उपाध्याय, के अलावा भारतीय जनता पार्टी के पधाधिकारी कार्यकर्ता, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है।

# टेबल स्पेस ने टीएस सुइट्स किया लॉन्च किया

## 500 करोड़ रुपये निवेश की तैयारी

नई दिल्ली,

भारत के प्रीमियर मैनेज्ड वर्कस्पेस प्रोवाइडर टेबल स्पेस, जो दुनिया के टॉप फॉर्च्यून 10 क्लाइंट्स में से 50 प्रतिशत को सर्विस प्रदान करता है, ने प्रीमियम और तत्काल ऑफिस सोल्यूशन की अधूरी मांग को पूरा करने के लिए अग्रणी अवधारणा 'टीएस सुइट' लॉन्च किया है। बैंगलोर, पुणे, गुड़गांव, नोएडा और चेन्नई में प्रीमियम लोकेशन्स पर फिलहाल इसके आठ से ज्यादा सेंटर हैं। अब, टेबल स्पेस अगले 18 महीनों के भीतर 25 सेंटर्स तक पेशकश का विस्तार करेगा और अगले 18 महीनों में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। टीएस सुइट अपने नेशनल नेटवर्क में शॉर्ट और मिड टर्म कॉन्ट्रैक्ट्स पर वर्ल्ड क्लास, सिक्योर और कंप्लेट प्री-बिल्ड ऑफिस का एक प्रीमियम नेटवर्क प्रदान करता है। इसकी सर्विस फास्ट और मजबूत दोनों है, जो संगठनों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण चीजों पर फोकस करने के लिए सशक्त बनाती



है, साथ ही यह बाकी चीजों का प्रबंधन करती है। आरंभिक पूछताछ से लेकर लाइव होने तक, टीएस सुइट्स 24 घंटे से कम का प्रभावशाली टर्नअराउंड समय प्रदान करता है, जिससे निर्बाध व्यापार गति सुनिश्चित होती है। टेबल स्पेस के सह-संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी, करण चोपड़ा, जो टीएस सुइट पहल और पेशकश का नेतृत्व कर रहे हैं, के अनुसार, टीएस सुइट्स रेडी-टू-कब्जे वाले ग्रेड-ए वर्कशॉप्स के माध्यम से क्लाइंट्स को मॉड्यूलर ग्रोथ के अवसर प्रदान करता है। स्पीड और फ्लेक्सिबिलिटी का पर्याय, यह बेजोड़ प्रीमियम सर्विस संगठनों को अपने मुख्य कार्यों पर पूरे दिल से ध्यान केंद्रित करने का अधिकार देती है, जबकि हम (टेबल स्पेस) बाकी का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा, "देश में फॉर्च्यून 500 कंपनियों और बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम करने की हमारी समृद्ध विरासत और 7 मिलियन से अधिक वर्गफुट वर्कस्पेस प्रदान करने का एक प्रूवेन ट्रैक रिकॉर्ड, प्रीमियम ऑफर बनाने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है जो प्रासंगिक बाजार की जरूरतों को पूरा करता है। टीएस सुइट्स व्यवसायों के लिए एक्सपीरियंस, फ्लेक्सिबिलिटी, रैपिड प्लग-एंड-प्ले ऑफर पर ध्यान केंद्रित करने के मामले में यूनिक है। यह एक पावरफुल कॉम्बिनेशन है, जिसका एक्सपीरियंस भारत ने पहले कभी नहीं किया है। कॉर्पोरेट लैंडस्केप में, वर्ल्ड क्लास और प्रीमियम स्पेस का महत्व न केवल रिक्रूटमेंट, रिटेंशन और प्रोडक्टिविटी के लिए बल्कि संगठन की संस्कृति और क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए भी काफी बढ़ गया है। कल्चर एक्सपेक्टेशन के बीच, अनुकूलनीय और अच्छी तरह से सुसज्जित, प्रीमियम स्पेस की आवश्यकता बढ़ रही है। हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से, ऐसे छोटे से मध्यम सर्विस वाले कार्यालयों की उपलब्धता में एक उल्लेखनीय अंतर बना हुआ है जो भारत के भीतर बड़े पैमाने पर छोटे कॉन्ट्रैक्ट्स को पूरा करते हैं।

# रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.24 प्रति डॉलर पर

मुंबई,



रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.24 (अस्थायी) पर बंद हुआ। स्थानीय शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच रुपये ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि सकारात्मक घरेलू बाजारों के कारण रुपया थोड़े सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर चिंताओं से इसका लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.24 पर खुला। दिन में यह 83.22 से 83.26 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने के बाद 83.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबल 83.27 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.33 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.02 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 593.66 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# स्कोडा अगले साल से वियतनाम को वाहनों का निर्यात करेगी

नई दिल्ली,

प्रमुख वाहन विनिर्माता स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व एशिया में निर्यात बढ़ाने की रणनीति के तहत वह अगले साल यानी 2024 से वियतनाम को वाहनों का निर्यात शुरू करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि भारत में बने वाहन निर्माण किट अगले साल से वियतनाम को निर्यात किए जाएंगे और वहां पर वाहनों का अंतिम उत्पादन किया जाएगा। फॉक्सवैगन ने पुणे के चाकण स्थित अपने मुख्यालय में कलपुर्जा अभियान केंद्र (पीईसी) की शुरुआत की है। यह केंद्र 16,800 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसकी शुरुआती क्षमता 27,000 कार किट के विनिर्माण की है। इसे बाद में बढ़ाकर 40,000 कार किट तक पहुंचाया जा सकता है। स्कोडा ऑटो के बोर्ड सदस्य (उत्पादन एवं लॉजिस्टिक) आंद्रियास दिक ने कहा, "पीईसी की शुरुआत करने के साथ हम भारत और वियतनाम के बीच एक पुल बना रहे हैं और इन दो प्रमुख बाजारों के बीच तालमेल बिठाने वाला मंच स्थापित कर रहे हैं।"

## जोमेटो के बाद स्विगी ने भी दिया झटका

# खाने के ऑर्डर के लिए शुल्क बढ़ाकर इतने रुपए किया

नई दिल्ली,

ऑनलाइन फूड डिलेवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने भी फूड ऑर्डर के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये कर दिया है। स्विगी के एक प्रवक्ता ने बताया, प्लेटफॉर्म शुल्क पर कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है।

यह उद्योग में एक आम बात है। प्रवक्ता ने कहा, जिन शहरों में हम काम करते हैं उनमें से अधिकांश में प्लेटफॉर्म शुल्क अभी 3 रुपये है। फिलहाल, प्लेटफ़ॉर्म शुल्क केवल स्विगी की फूड डिलेवरी सेवा पर लागू होता है, इंस्टामार्ट ऑर्डर पर



नहीं। अप्रैल में, कंपनी ने कार्ट वैल्यू की परवाह किए बिना, प्रति ऑर्डर 2 रुपये का प्लेटफ़ॉर्म शुल्क पेश किया था। अगस्त में, स्विगी प्रतिद्वंद्वी जोमैटो ने भी अपना प्लेटफ़ॉर्म शुल्क शुरुआती 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया। जोमैटो ने जोमैटो गोल्ड यूजर्स से प्लेटफ़ॉर्म शुल्क लेना शुरू कर दिया, जिन्हें पहले छूट दी गई थी।

इस बीच, स्विगी ने अपने पूंजी सहायता कार्यक्रम के तहत 8,000 से अधिक रेस्तरां मालिकों को 450 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरण की सुविधा प्रदान की है। 2017 में लॉन्च किया गया, पूंजी सहायता कार्यक्रम एक नायाब तरीका है जिसे वित्तपोषण अंतर को पाटने और रेस्तरां मालिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अब तक 8,000 से अधिक रेस्तरां ने लोन लिया है, जिनमें से 3,000 ने अकेले 2022 में ऋण लिया।

आमंत्रण | वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2023 में जापानी कंपनियां होंगी शामिल

# भारत-जापान में निवेश की संभावनाओं को मिलेगा बढ़ावा

टोक्यो/मुंबई,

जापान और भारत के बीच सहयोग और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात सरकार ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले जापान के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स उद्यमियों को लक्षित करने वाले रोड शो के लिए वेदांता को आमंत्रित किया है। वैश्विक प्राकृतिक संसाधन और प्रौद्योगिकी समूह वेदांता ने भारत, विशेषकर गुजरात में निवेश के जबरदस्त अवसरों पर प्रकाश डाला और जापानी कंपनियों से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने का आग्रह किया। वेदांता के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले




व्यवसाय के वैश्विक प्रबंध निदेशक आकाश के. हेब्बार ने दो दिवसीय रोड शो में टोक्यो और ओसाका में भारतीय दूतावास में जापानी उद्योग के नेताओं की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने भारत में, विशेष रूप से गुजरात में निवेशक-अनुकूल माहौल को रेखांकित किया, और जापानी कंपनियों को भारत के समृद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग में शामिल होने के लिए असाधारण अवसर प्रदान करने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने गुजरात सरकार को उनकी नीतिगत स्थिरता, सुशासन, उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं और राज्य की सक्रिय और कुशल टीम द्वारा हर कदम पर व्यापार करने में आसानी के लिए मदद के लिए बधाई दी। देश में बड़े अवसरों के बारे में बात करते हुए, आकर्ष हेब्बार ने कहा, "भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग भारत सरकार की मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और 100 स्मार्ट सिटी मिशन जैसी पहलों से बढ़ी है, इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण, डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति है। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और ई-कॉमर्स के बढ़ते चलन ने इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग को और बढ़ा दिया है। 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार अवसर प्रस्तुत करता है। उन्होंने धोलेरा एसआईआर, गुजरात में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब्स स्थापित करने की वेदांता की महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की और जापानी कंपनियों को राज्य में देश का पहला इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने में मदद करने के लिए वेदांता के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी बताया कि हब में सैकड़ों एसएमई को आकर्षित करने और एक लाख से अधिक नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। जापानी उद्योग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, इस इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र में आने और निवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए 80 अरब डॉलर का अवसर है, और वेदांता भारत में निवेश करने में रुचि रखने वाली जापानी कंपनियों के लिए एंकर होगी। वेदांता का जापान के साथ पुराना रिश्ता है, समूह की कंपनी का मुख्यालय जापान में है। पिछले साल के अंत में, कंपनी ने भारत के सेमीकंडक्टर और ग्लास डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए 30 जापानी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## संपादकीय

# कचरा-कचरा नदी

अदालत को ही कहना पड़ा कि नदी-नालों में कूड़े-कचरे की डंपिंग पर पूर्ण रोक लगाएं। जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते माननीय हिमाचल हाई कोर्ट ने प्रदेश के कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सख्त हिदायतें ही नहीं दीं, बल्कि स्थानीय निकायों के दायरे में अवैज्ञानिक डंपिंग पर कड़ा संज्ञान लिया है। यह फैसला मानव सभ्यता और जीवनशैली में आ रहे परिवर्तनों की तरफ इशारा करते हुए सरकार के दायित्व में स्थानीय निकायों के लिए जीवन की शर्तें पेश कर रहा है। बद्दी जैसे अति औद्योगिक क्षेत्र के ठोस कचरा निष्पादन संयंत्र का संचालन जिस तरह किया जा रहा है, उसे देखते हुए यह फैसला जनचेतना से भी जुड़ा है। हिमाचल में पिछले तीन दशकों में कचरा न केवल बढ़ा, बल्कि इसके साथ योजनाओं-परियोजनाओं का कचरा भी बढ़ा। लगातार शहरीकरण के सवाल पर हिमाचल की सरकारें अगंभीर रहीं और यही साहसिक कोशिश करती रहीं कि किसी तरह इस दिशा की वृद्धि दर को ढांप के रखा जाए। हैरानी यह कि न शहर उचित मानदंड से बसे और न ही गांव बचे। हिमाचल की आबादी ने शहरी तहजीब, मानसिकता, उपभोक्तावाद और आधुनिक जीवनशैली में जीना तो सीख लिया, लेकिन इस उथल पुथल ने पर्यावर्णीय खतरों को लगातार नजरअंदाज कर दिया। शिमला के बाद 2005 में कहीं जाकर धर्मशाला दूसरा नगर निगम बना और बाद में जयराम सरकार ने तीन और शहरों के प्रबंधन को बड़े शहरों की व्याख्या दी, लेकिन ये फैसले केवल सियासी ही साबित हो रहे हैं। अगर नगर निगम क्षेत्रों में ही कूड़े कचरे के प्रबंधन को देखा जाए, तो मालूम हो जाएगा कि प्रदूषण व पर्यावरणीय खतरों की निशानियां आज भी यहां योजनाओं को कचरा कर रही हैं। प्रदेश के पास न ऐसे सर्वेक्षण हैं और न ही आंकड़े ताकि राज्य स्तरीय ढांचे में कचरा उन्मूलन हो सके। एक बार धूमल सरकार ने पॉलीथीन पर बैन लगाकर जीने की राह दिखाई थी, लेकिन यह आदर्श भी ढह गया। स्वच्छता अभियान के तहत प्रदेश के तमाम सांसदों ने डस्ट बिन तो गाड़ दिए, लेकिन इस मुहिम के शिलालेख न विकल्प बने और न ही इसके आगे कुछ हुआ। नतीजतन खड्डों व नदी-नालों के किनारे ही अब डंपिंग साइट बने हुए हैं जहां ठोस कचरे के साथ-साथ भवन निर्माण के दौरान खुदाई से पैदा हो रही सामग्री व मक फेंका जा रहा है। प्रदेश में अस्सी फीसदी कचरा खुले में फेंका जा रहा है।

# रिपोर्ट कार्ड

**ये परिप्रेक्ष्य महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित करते हैं, चर्चा और बहस को उकसाते हैं। इस साल का आर्थिक माहौल, जो अतीत की उलझनों और नए, अभूतपूर्व जोखिमों और चुनौतियों से भरा हुआ है, अधिक रुचि जगाता है। इनमें से महत्वपूर्ण हैं महामारी से उबरने में प्रगति, बढ़ा हुआ कर्ज़ और कमजोर सार्वजनिक वित्त, उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरें, एक निरंतर युद्ध और भू-आर्थिक विखंडन के कारण तीव्र राजनीतिक संघर्ष, जनसांख्यिकी के कारण मूलभूत परिवर्तन, जलवायु अनुकूलन और ऊर्जा परिवर्तन, और संबंधित।**

यह वह समय है जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अपने दृष्टिकोण को ताज़ा करती हैं, इसके सामने आने वाली समस्याओं की पहचान करती हैं और प्रासंगिक नीतिगत मुद्दों पर सलाह देती हैं। समग्र परीक्षा में दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों, व्यक्तिगत देशों और देश समूहों को शामिल किया गया है। ये परिप्रेक्ष्य महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित करते हैं, चर्चा और बहस को उकसाते हैं। इस साल का आर्थिक माहौल, जो अतीत की उलझनों और नए, अभूतपूर्व जोखिमों और चुनौतियों से भरा हुआ है, अधिक रुचि जगाता है। इनमें से महत्वपूर्ण हैं महामारी से उबरने में प्रगति, बढ़ा हुआ कर्ज़ और कमजोर सार्वजनिक वित्त, उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरें, एक निरंतर युद्ध और भू-आर्थिक विखंडन के कारण तीव्र राजनीतिक संघर्ष, जनसांख्यिकी के कारण मूलभूत परिवर्तन, जलवायु अनुकूलन और ऊर्जा परिवर्तन, और संबंधित। संसाधन की कमी. ऐसी परिस्थितियों में आर्थिक संभावनाएँ कैसी दिखती हैं? अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रमुख विश्व आर्थिक आउटलुक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को लचीला लेकिन लचर बताया है। इस वर्ष विश्व उत्पादन वृद्धि 3% की दर से बढ़ती दिख रही है; यह आंकड़ा पिछले (3.5%) की तुलना में धीमा है और आईएमएफ ने इस वर्ष के लिए महामारी से पहले जो



अनुमान लगाया था उससे अनुमानित 3.4% कम है। यह उस आउटपुट के परिमाण को इंगित करता है जिसे पुनर्प्राप्त किया जाना बाकी है या जिसे आगे बढ़ाया जाना है। अगले साल भी वैश्विक वृद्धि धीमी होकर 2.9% पर आ जाएगी। कुल मिलाकर, इस अवधि में विश्व उत्पादन की औसत गति दो दशकों (2000-2019) में महामारी-पूर्व औसत 3.8% से काफी कम है। इसलिए, विश्व अर्थव्यवस्था वास्तव में दौड़ नहीं रही है लेकिन अभी भी गति पकड़ रही है। महामारी, युद्ध, जीवन यापन की ऊंची लागत और ब्याज दरों के बावजूद, आर्थिक गतिविधि रुकी नहीं है या मंदी में नहीं गिरी है, भले ही मुद्रास्फीति में गिरावट जारी है। यह मिश्रित तस्वीर मध्यावधि में और गंभीर हो जाती है जब उत्पादन वृद्धि औसत दर्जे की होने की उम्मीद होती है। तात्कालिक अवधि के बाद, विश्व अर्थव्यवस्था के 3.1% की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो दशकों में सबसे कम है। हाल के वर्षों में कई आर्थिक झटकों से होने वाली क्षति अमीर और गरीब क्षेत्रों के बीच बढ़ी हुई खाई के साथ बनी हुई है। महामारी से सबसे मजबूत रिकवरी संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके बाद यूरो क्षेत्र में हुई है। चीन का उत्पादन बहुत कमजोर हो गया है, जिसमें उसके संपत्ति क्षेत्र का संकट भी शामिल है, जबकि इस वर्ष भारत की वृद्धि 6.3% तक अंकित है। सबसे गंभीर प्रभाव कम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है, जिनका संयुक्त उत्पादन घाटा महामारी से पहले की तुलना में औसतन 6.5% है। पिछली असमानताएँ - इस उदाहरण के लिए विशेष रूप से आर्थिक झटकों का जवाब देने की क्षमता या महामारी के दौरान प्रदान की गई सहायता - ने उन्नत और उभरते बाजार और विकासशील देश समूहों में पुनर्प्राप्ति में अंतर को बढ़ा दिया है। इस अंतर का अधिकांश हिस्सा उपभोग और रोजगार में निरंतर कमी से उत्पन्न होता है। इस दूरी को पाटने में - आय और विकास या आर्थिक अभिसरण के समान स्तर तक पहुँचने में - अब एक शताब्दी से अधिक समय लग सकता है। यदि 80 साल पहले अप्रैल 2008 में गरीब आय वाले देशों में उच्च आय वाले देश समूह की तुलना में प्रति व्यक्ति आय में आधा अंतर कम होने की उम्मीद थी, तो 15 साल बाद, अनुमान है कि यह लगभग 130 साल तक बढ़ गया है। . आने वाले समय में पिछले कुछ वर्षों में देखे गए कई और व्यापक झटकों की आवृत्ति में वृद्धि होने की संभावना है।

## 2035 तक अंतरिक्ष में होगा भारत का स्टेशन



चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी ने भारत के स्पेस सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि वे 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने और 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखें। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ द्वारा गगनयान मिशन की प्रगति को लेकर उन्हें दी जा रही जानकारी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्देश दिया। गौरतलब है कि इसरो गगनयान मिशन की तैयारी के तहत 21 अक्टूबर को पहली टेस्ट फ्लाइट लॉन्च करने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार, बैठक के बाद पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत का अंतरिक्ष में पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने का मिशन साल 2025 में पूरा होने की उम्मीद है। इसे मिशन गगनयान कहा जाता है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत के स्पेस मिशनों के भविष्य की रूपरेखा तैयार की और वैज्ञानिकों से शुक्र ऑर्बिटर मिशन समेत मंगल लैंडर जैसे मिशनों पर काम करने की बात कही। एक बयान में बताया गया है कि प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन की सफलता के बाद निर्देश दिया कि भारत को अब 2035 तक 'भारतीय स्पेस स्टेशन' स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर पहले भारतीय को भेजने समेत नए लक्ष्य तय करने चाहिए। लक्ष्य को पूरा करने के लिए अंतरिक्ष विभाग एक खाका तैयार करेगा। मंगलवार को अंतरिक्ष विभाग ने गगनयान मिशन को लेकर पूरी जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की क्षमताओं पर भरोसा जताया और स्पेस एक्सप्लोरेशन में नई ऊंचाइयां छूने को लेकर देश की प्रतिबद्धता जताई। बात करें गगनयान मिशन की, तो पहले दो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने की योजना थी।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से कराएं पालनः श्री अनुपम राजन




**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने गुरुवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत आने वाले 8 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की।

श्री राजन ने मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर जिलों में की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उपस्थित दोनों संभागों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिलों में की जा रही तैयारियों के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं राज्य पुलिस नोडल अधिकारी श्री अनुराग, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह व श्रीमती रूचिका चौहान, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त डॉक्टर पवन कुमार शर्मा, दोनों संभागों के पुलिस रेंज के आईजी, डीआईजी सहित भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। श्री राजन ने कहा कि दोनों संभागों के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आपराधिक प्रवृत्ति एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ एनएसए एवं जिला बदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं में सख्त कार्रवाई करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सभी जिले मतदाता जागरूकता की गतिविधियों में तेजी लाएं। अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखें। अवैध धन, मदिरा, अवैध हथियार एवं अन्य मादक पदार्थ सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री के परिवहन पर अंकुश लगाए और अभियान चलाकर ऐसी सामग्री जब्त करें। एसएसटी, एफएसटी एवं वीएसटी दलों को पूरी तरह मुस्तैद एवं सतर्क होकर काम करने के लिए आदेशित करें। श्री राजन ने वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग (लाइव-स्ट्रीमिंग) की पुख्ता व्यवस्थायें करें। श्री राजन ने जिलों में स्थापित मतदाता हेल्प डेस्क नंबर 1950 का संचालन पूरी सक्रियता एवं गंभीरता से कराने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि हेल्पडेस्क पर मतदाताओं की ओर से आने वाली हर कॉल अटेंड किया जाए और उसकी समस्या का समुचित समाधान किया जाए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत नागरिक सी-विजिल एप के माध्यम से करें इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। श्री राजन ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग जो घर से ही मतदान करना चाहते हैं उनसे फॉर्म-12 डी भरवाकर सहमति लें। इसी तरह 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा मुहैया कराई जाना है। जिन मतदान केन्द्रों में 1550 से अधिक मतदाता हैं वहाँ के मतदाताओं को सुविधाजनक तरीके से वोट डालने की सुविधा प्रदान करने के लिये मुख्य मतदान केंद्र परिसर में या इसके समीप ही सहायक मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे।

## लाइफ स्टाइल

### मार्शल आर्टिस्ट के वी सैदालवी ने 1 मिनट में तोड़े 68 नारियल

इन दिनों एक भारतीय शख्स अपने कारनामे की वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय (ट्रेंडिंग न्यूज) बना हुआ है। इस शख्स की प्रतिभा की अब देशभर में तारीफ हो रही है. दरअसल, एक शख्स ने महज 1 मिनट में 68 नारियल फोड़कर अपना ही रिकॉर्ड (गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड) तोड़ दिया। मार्शल आर्टिस्ट के वी सैदालवी ने इसके लिए ननचाकू का इस्तेमाल किया और एक-एक करके 68 नारियल तोड़े। आपको बता दें कि इस साल की शुरुआत में




सैदाल्वी ने इटली में 'लो शो देई रिकॉर्ड' नाम के टैलेंट शो के दौरान 42 नारियल तोड़े थे, वहीं इस बार उन्होंने 68 नारियल तोड़कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि सैदालवी ने ये नारियल तब फोड़े जब इन्हें लोगों के सिर पर रखा गया। वीडियो को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर शेयर किए गए वीडियो के कैप्शन में कहा गया है, 'सैदालवी ने सिर्फ एक मिनट में 68 नारियल तोड़े।' वीडियो में काली टी-शर्ट पहने छह लोगों को एक घेरे में बैठे दिखाया गया है, जिनमें से प्रत्येक के सिर पर एक नारियल है। इस बीच सैदालवी उनके बीच ननचाकू लेकर खड़े हैं। इस दौरान जैसे ही सैदालवी 'जाओ' सुनते हैं, वे झट से युवाओं के सिर पर रखे नारियल को ननचाकू से फोड़ना शुरू कर देते हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जिस शख्स का नारियल टूटता है वह तुरंत उसके सिर पर नया नारियल रख देता है. जानकारी के लिए बता दें कि सैदालवी कर्नाटक के मद्दुर जिले के रहने वाले हैं।



# शाहरुख ने सिखाया मुझे रोमांस करना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि शाहरुख खान ने उन्हें रोमांस करना सिखाया है और उनके जैसा रोमांस कोई नहीं कर सकता है। करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुछ कुछ होता है' 1998 को प्रदर्शित हुई थी। फिल्म को प्रदर्शित हुए 25 साल हो गए हैं। रानी ने कहा, जब मैं 17 साल की थी तब मैंने फिल्में करना शुरू कर दिया था और यह हैरानी वाली बात है कि मेरी एक बेटी है, जो दिसंबर में आठ साल की होने वाली है। तो, यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे मेरी बेटी इस फिल्म में थी। टीना को प्यार देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक न्यूकमर थी, शाहरुख और काजोल पहले ही 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' कर चुके थे, ये जोड़ी शानदार है। मैं बहुत घबराई हुई थी कि दर्शक यह स्वीकार नहीं करेंगे कि अंजलि के रहते राहुल को टीना से प्यार हो गया।




# ऋतिक ने फाइटर के लिए बनाए एप्स

**मुंबई।** अभिनेता ऋतिक रोशन ने छुट्टियों के बाद से फिल्म की शूटिंग के बाद तक का अपना बॉडी ट्रांसफोर्मेशन साझा किया । ऋतिक फिलहाल अपनी आगामी एक्शन फिल्म फाइटर की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान 'पठान' का सफल निर्देशन कर चुके सिद्धार्थ आनंद के हाथों में है। ऋतिक ने फिल्म से पहले और उसके बाद की तस्वीरों को साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर बताया, पांच सप्ताह। शुरुआत से अंत। छुट्टियों के बाद से शूटिंग के बाद तक। मिशन पूरा हुआ। घुटनों, पीठ, एड़ियों, कंधों, रीढ़ और दिमाग का धन्यवाद। आप सभी ने अच्छा काम किया। मैं आप सभी से प्यार करता हूं। अब आराम का वक्त है और बेहतर संतुलन तलाशने की शुरुआत की जाए।

# दर्द के बावजूद हैवी वर्कआउट कर रही सामंथा

**चेन्नई।** एक्ट्रेस समंथा रुथ प्रभु अपनी फिटनेस रुटीन से कॉम्प्रोमाइज नहीं करती हैं, चाहे वह बीमारी हो या दर्द। मायोसिटिस डायग्नोसिस के चलते होने वाले दर्द के बावजूद, एक्ट्रेस ने मुश्किल वर्कआउट किया। अपनी बॉडी को स्ट्रेच किया। सामंथा को अपनी फिटनेस की फ्रिक हैं। वह अक्सर मुश्किल वर्कआउट करती हैं, जिनमें कार्डियो, रस्सी पर चढ़ना, वजन उठाना, स्ट्रेचिंग और बहुत कुछ शामिल हैं। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दर्द से जूझते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। खुद को अपने कंफर्ट जोन से बाहर लाते हुए और आगे बढ़ते हुए एक्ट्रेस ने स्ट्रेचिंग की। सामंथा के पीछे कई अन्य जिम इक्विपमेंट के साथ एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि वह मायोसिटिस से पीड़ित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें भयानक दर्द होता है और हाथ-पैर और मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, साथ ही बहुत अधिक थकान भी होती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस की 2024 में फिल्म 'चेन्नई डायरीज' रिलीज होगी, जिसमें वह स्पाई-थ्रिलर शो 'सिटाडेल' के भारतीय समकक्ष में बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ एक्टिंग करती दिखाई देंगी।




# शत्रुघ्न और रेखा के बीच था कोल्ड वॉर, नहीं की 20 साल तक बात, पत्नी पूनम ने कराई थीं सुलह

*बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस रेखा और दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक-दूसरे से 20 साल तक बात नहीं की। दोनों ने फिल्म खून भरी मांग में साथ काम किया था। इस दौरान ऐसा कुछ हुआ, जिसकी वजह से दोनों ने एक-दूसरे से दूरी बना ली। शत्रु और रेखा ने राकेश रोशन की फिल्म खून भरी मांग में काम किया था।*

**मुंबई।** ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इसमें रेखा के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। जानकार हैरानी होगी कि फिल्म खून भरी मांग के सेट पर ऐसा कुछ हुआ था, जिसके बाद रेखा और शत्रुघ्न सिन्हा ने एक-दूसरे से 20 साल तक बात नहीं की। इस बारे में एक्टर ने खुद बताया था।

***मूर्खतापूर्ण मुद्दे पर हुआ था मतभेद :*** शत्रुघ्न सिन्हा ने इस बारे में बताते हुए कहा था कि, रेखा और मैंने एक साथ कई फिल्में कीं। हमने अपने करियर की शुरुआत लगभग एक साथ ही की थी। उस समय की रेखा आज की पिक्चर-परफेक्ट रेखा से बहुत अलग थीं। शत्रुघ्न ने कहा था, किसी मूर्खतापूर्ण मुद्दे पर हमारे बीच मतभेद हो गया। उसके बाद, हमने 20 साल से अधिक समय तक एक-दूसरे से बात नहीं की। हालांकि उन दोनों के बीच दोस्ती एक्टर की पत्नी पूनम सिन्हा ने करवाई।



**रेखा और पूनम अच्छे दोस्त :** शत्रुघ्न सिन्हा ने आगे कहा, रेखा और मेरी पत्नी गहरे दोस्त थे। इसलिए रेखा के साथ मेरा कोल्ड वॉर मेरी पत्नी की रेखा के साथ दोस्ती में दिक्कतें पैदा कर रहा था। उसने अपने स्वार्थ के लिए हमारे साथ समझौता कर लिया और मैं खुशी-खुशी जो बीत गया उसे बीते जाने के लिए तैयार हो गया। एक्टर ने बताया था, मैंने उसके बारे में कटाक्ष किया था। मुझे नहीं करना चाहिए था। यह श्रेय की बात है कि रेखा ने कभी प्रतिकार नहीं किया। वह बहुत बड़े दिल वाली उदार महिला हैं। शत्रुघ्न की पसंदीदा अभिनेत्री नरगिस और पसंदीदा अभिनेता राज कपूर हैं। उनका और उनकी पत्नी पूनम के पास शॉटगन मूवीज नाम से एक प्रोडक्शन हाउस भी है।


# सालार से पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट...




**मुंबई।** फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं। होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं। इसके रिप्लाई में पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा, धन्यवाद! इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता। पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और सालार की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता। सालार को 'केजीएफ' के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अगले जेम्स बॉन्ड बन सकते हैं जॉनसन...

**लॉस एंजेलिस।** अभिनेता एरॉन टेलर-जॉनसन एमआई इ6 जासूस जेम्स बॉन्ड की भूमिका के लिए सबसे पसंदीदा हैं। आखिरी 'जेम्स बॉन्ड' फिल्म को रिलीज हुए दो साल से अधिक समय हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार एरोन ने हिंसक कॉमिक बुक फ्लिक 'किक ऐस' में एक्शन भूमिकाएं निभाने से पहले रोमांटिक-कॉम फिल्म 'एंगस, थॉन्ग्स एंड परफेक्ट स्नोगिंग' से मुख्यधारा में प्रवेश किया और बाद में मार्वल फिल्म 'एवेंजर्स: एज ऑफ अल्ट्रॉन' में क्विकसिल्वर की भूमिका निभाई। इस साल वह मार्वल फिल्म 'क्रावेन द हंटर' में साहसी सर्गेई क्राविनॉफ की भूमिका निभाने वाले थे, लेकिन फिल्म की रिलीज अगस्त 2024 तक के लिए टाल दी गई है।



## प्रेस्टीज ग्रुप को 20 हजार करोड़ से अधिक बुकिंग की उम्मीद




नई दिल्ली। प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग से चालू वित्त वर्ष में अपनी बिक्री बुकिंग 55 प्रतिशत बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। 2022-23 में कंपनी की बिक्री बुकिंग 12,931 करोड़ रुपये रही थी।कंपनी चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में अपने प्रदर्शन से उत्साहित है। प्रेस्टीज ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक इरफान रजाक ने कहा कि हम चालू वर्ष के लिए अपने बिक्री अनुमान को पूर्व के 16,000 करोड़ रुपये से संशोधित कर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक कर रहे हैं। रजाक ने मिस्र में हाल में आयोजित क्रेडाई नैटकॉन सम्मेलन से इतर कहा, पहली दो तिमाहियों में हमारी बिक्री लगभग 11,000 करोड़ रुपये रही है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख

- कच्चे तेल की कीमतें और भू राजनीतिक अनिश्चतताएं होंगे प्रमुख कारक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों का रुख तय होगा। विश्लेषकों ने यह बात कही है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं, जिनका बाजार की दिशा पर काफी असर पड़ेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की हालिया बिकवाली को देखते हुए उनका रुख भी महत्वपूर्ण होगा।'' अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि और इजराइल-हमास संघर्ष के चलते बने अनिश्चित माहौल के बीच विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से लगभग 9,800 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## चीनी स्टॉक का खुलासा 17 तक करने की चेतावनी



नई दिल्ली। सरकार ने चीनी कारोबार में शामिल सभी हितधारकों को 17 अक्टूबर तक खाद्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपने स्टॉक का खुलासा करने की अंतिम चेतावनी दी है। सरकार ने कहा है कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्रालय ने 23 सितंबर को एक आदेश जारी कर सभी चीनी हितधारकों को आदेश दिया था कि वे उसकी वेबसाइट पर साप्ताहिक रूप से अपने स्टॉक की स्थिति बताएं। चीनी हितधारकों में थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, बड़े खुदरा विक्रेता और प्रसंस्करण करने वाले शामिल हैं।

# यूबीएस ने खुदरा कर्ज में चूक के जोखिम को लेकर चेताया

- यूबीएस सिक्योरिटीज विदेशी ब्रोकरेज कंपनी है
- ऋण नुकसान 0 .5 से दो प्रतिशत तक बढ़ सकता है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बैंकों को बढ़ते खुदरा ऋण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा चेतावनी जारी करने के कुछ दिन बाद विदेशी ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस सिक्योरिटीज ने इस खंड में चूक का जोखिम बढ़ने को लेकर चिंता जताई है।

स्विट्जरलैंड की फर्म के अनुसार, बैंकों के खुदरा बिना गारंटी वाले कर्ज में बढ़ते चूक जोखिमों से ऋण नुकसान 0.5 से दो प्रतिशत तक बढ़ सकता है। रिजर्व बैंक ने आठ अक्टूबर को बैंकों को




बिना गारंटी वाले बढ़ते खुदरा कर्ज को लेकर आगाह किया था। कई साल से बैंक खुदरा कर्ज पर निर्भर रहे हैं क्योंकि कॉरपोरेट मांग अब भी कमजोर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, पिछले तीन साल से बैंकिंग प्रणाली में खुदरा कर्ज औसतन 30 प्रतिशत से ऊपर है, वहीं अन्य ऋण खंड में इसकी एक-तिहाई वृद्धि भी नहीं हुई है।

### नियामकीय सख्ती का जोखिम अधिक

यूबीएस सिक्योरिटीज ने एक नोट में कहा, 'हम बैंकों के खुदरा बिना गारंटी वाले कर्ज में चूक जोखिमों को बढ़ते हुए देख रहे हैं, जिससे उनका ऋण नुकसान 0.5 से दो प्रतिशत तक बढ़ सकता है। हमारा मानना है कि नियामकीय सख्ती का जोखिम अधिक है।'

# विदेशी संस्थाओं ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 9800 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




अमेरिका में बांड पर प्रतिफल बढ़ने तथा इजराइल-हमास संघर्ष की वजह से पैदा हुई अनिश्चितता के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 9,800 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक इससे पिछले छह माह के दौरान लगातार लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने शेयर बाजारों में 1.74 लाख करोड़ रुपये डाले थे। फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, उस समय एफपीआई का यह प्रवाह अमेरिका में मुद्रास्फीति में गिरावट की वजह से था। अमेरिका में महंगाई दर फरवरी के छह प्रतिशत से गिरकर जुलाई में 3.2 प्रतिशत पर आ गई थी। इसके अलावा मई से अगस्त के दौरान फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने की वजह से भी एफपीआई का प्रवाह बढ़ा था। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने देश के बांड बाजार में 4,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके साथ ही इस साल अबतक शेयरों में एफपीआई का कुल निवेश 1.1 लाख करोड़ रुपये और बांड बाजार में 33,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

# सरकार बासमती चावल के निर्यात मूल्य की समीक्षा पर कर रही विचार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने रविवार को कहा कि वह बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य की समीक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, जो इस समय 1,200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन है। गौरतलब है कि अधिक मूल्य होने के कारण देश का निर्यात प्रभावित हुआ है। चावल निर्यातक संघ मांग कर रहे हैं कि इस दर को घटाकर लगभग 850 अमेरिकी डॉलर प्रति टन किया जाना चाहिए। सरकार ने अगस्त में फैसला किया था कि बासमती चावल 1,200 डॉलर प्रति टन से कम कीमत पर निर्यात नहीं किया जाएगा। ऐसा बासमती चावल की आड़ में अवैध रूप से गैर-बासमती चावल के 'अवैध' निर्यात को रोकने के लिए किया गया था। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने चावल की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

बयान में आगे कहा गया, 'केंद्र सरकार बासमती चावल के लिए पंजीकरण-सह-आवंटन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए फ्री ऑन बोर्ड मूल्य की समीक्षा पर कर रही है।' बयान के मुताबिक चावल निर्यातक संघों से मिले आवेदनों में कहा गया कि उच्च एफओबी मूल्य भारत से बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। इसके बाद खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती चावल निर्यातकों के साथ एक बैठक की।

### निर्णय लेते तक मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी

मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में हुई चर्चा के आधार पर सरकार बासमती चावल के निर्यात के लिए एफओबी मूल्य की समीक्षा करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। हालांकि, जब तक सरकार उचित निर्णय नहीं ले लेती, तब तक मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

## वेदांता की याचिका पर सुनवाई 29 नवंबर को

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन में अपनी स्टरलाइट कॉपर इकाई को बंद करने से संबंधित वेदांता समूह की याचिका को 29 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, वेदांता समूह की याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई होगी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नौ अक्टूबर को कंपनी के अधिवक्ता को आश्वास्त किया कि उसने रजिस्ट्रार को समूह की याचिका पर सुनवाई के लिए दो तारीखें तय करने का निर्देश दिया।




## अमरदीप भाटिया चाय बोर्ड के चेयरमैन बने

कोलकाता। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अमरदीप सिंह भाटिया को चाय बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। चाय बोर्ड ने बयान में कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भाटिया अतिरिक्त प्रभार के रूप में चाय बोर्ड के चेयरमैन का पद संभालेंगे। उनकी नियुक्ति 12 अक्टूबर से छह महीने के लिए होगी। वह नियमित आधार पर पद भरे जाने तक या अगले आदेश तक कार्यभार संभालेंगे। सौरव पहाड़ी चाय बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन बने रहेंगे।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)